# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

25 जनवरी 2026
रविवार

आपकी आवाज




बक्सर में दो हत्याकांडों का खुलासा : एसआईटी–एसटीएफ की पकड़ में आया रावण, 9 साल पुराना पेट्रोल पंप मर्डर भी

2



## एक नजर

### पश्चिम बंगाल दौरे पर जाएंगे नितिन नवीन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 27 और 28 जनवरी को पश्चिम बंगाल का अपना पहला आधिकारिक दौरा करेंगे। इस दौरान वे राज्य में पार्टी की जमीनी ताकत को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण बैठकें करेंगे। 27 जनवरी को नवीन दुगार्पुर में स्टेट कोर टीम मीटिंग की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें संगठनात्मक रणनीति, राजनीतिक रोडमैप और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा होगी। अगले दिन 28 जनवरी को वे पूर्व बर्धमान के चितरालया मेले मैदान में बर्धमान विभाग कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे और पार्टी कार्यकताओं से संवाद करेंगे। उसी दिन दोपहर में वे असंसोल जिला कार्यकर्ता बैठक में भी भाग लेंगे और जिला स्तर पर संगठनात्मक मुद्दों पर मार्गदर्शन देंगे। इसके बाद, 30 और 31 जनवरी को केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ नेता अमित शाह बंगाल का दौरा करेंगे।

### आंध्र प्रदेश में बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्रतिबंध की तैयारी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश सरकार ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच रोकने पर विचार के लिए मंत्रिस्तरीय समिति गठित की है। राज्य गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के हालिया कानून से प्रेरित है। गृहमंत्री वंगालपुडी अनीता के मुताबिक, राज्य के आईटी और शिक्षा मंत्री नारा लोकेश मंत्रियों के इस समूह की अगुवाई कर रहे हैं। इसका मकसद सोशल मीडिया का बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, ऑनलाइन दुर्व्यवहार और उम्र सत्यापन के व्यावहारिक तरीकों का अध्ययन करना है। इसके लिए समिति अलग-अलग राज्य सरकारों और देशों के अपनाए जा रहे मॉडल का अध्ययन करेगा ताकि सबसे अच्छा मॉडल अपनाया जा सके। राज्य गृहमंत्री अनीता ने आगे कहा, सिर्फ ऑस्ट्रेलियाई मॉडल ही नहीं, हम पूरे देश और दुनिया भर में लागू किए जा रहे अलग-अलग मॉडल का अध्ययन कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार राज्यपालों को कठपुतली बना रही : खड़गे

- गवर्नर गैर-बीजेपी सरकारों को परेशान करते हैं, उन्हें पीएम ऑफिस से ऑर्डर मिल रहे
- दूसरी गैर-बीजेपी राज्य सरकारों को परेशान करने के लिए गवर्नरों को कठपुतली बनाने का आरोप



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को कहा कि बीजेपी ऑफिस और केंद्रीय गृह मंत्रालय गवर्नरों को निर्देश दे रहे हैं। खड़गे ने भाजपा सरकार पर कांग्रेस की सत्ता वाले और दूसरी गैर-बीजेपी राज्य सरकारों को परेशान करने के लिए गवर्नरों को कठपुतली बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कर्नाटक के हुबली में एक जनसभा के दौरान लोगों से आने वाले सभी चुनावों में बीजेपी के खिलाफ वोट करने की अपील की और चेतावनी दी कि ऐसा न करने पर तानाशाही शासन आ सकता है। खड़गे ने कहा कि राज्यपालों को कहा जाता है कि वे सिद्धारमैया या कांग्रेस सरकार द्वारा तैयार भाषण विधानसभा के जॉइंट सेशन में न पढ़ें। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ कर्नाटक में ही नहीं हुआ, बल्कि तमिलनाडु और केरल जैसे राज्यों में भी हुआ है। जहां-जहां कांग्रेस या गैर-बीजेपी सरकारें हैं, वहां राज्यपाल परेशानियां खड़ी कर रहे हैं। राज्यपाल निजी तौर पर मानते हैं कि उन्हें ऊपर से आदेश मिलते हैं। दरअसल 22 जनवरी को कर्नाटक विधानसभा में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने संयुक्त सत्र में सरकार का तैयार भाषण पढ़ने से इनकार कर दिया और अपना भाषण सिर्फ तीन पंक्तियों में खत्म किया।

### कांग्रेस अध्यक्ष बोले- देश में हिटलर राज

उन्होंने आरोप लगाया, बीजेपी को पावर से हटाने के लिए, आने वाले सभी चुनावों में, चाहे छोटे हों या बड़े, बीजेपी के खिलाफ वोट करें। तभी गरीब, मिडिल क्लास, छोटे काम करने वाले लोग बच पाएंगे, नहीं तो इस देश में हिटलर, मुसोलिनी, सद्दाम हुसैन जैसा राज आएगा। आ गया है। उन्होंने पूछा- मोदी सरकार ने देश के लिए क्या किया है। बीजेपी ने कांग्रेस, नेहरू, इंदिरा गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी की बुराई करने के अलावा कुछ नहीं किया है।

### सरकार मनरेगा की जगह कमजोर कानून लाई

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने केंद्र सरकार पर मनरेगाएक्ट को खत्म करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को अधिकार देने वाले कानून बनाए थे, जबकि मोदी सरकार ऐसे कानून ला रही है जो लोगों के अधिकार कम करते हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत गरीबों को काम का अधिकार मिला था, लेकिन केंद्र सरकार ने इसे छीनकर उसकी जगह कमजोर कानून ला दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर विरोध नहीं हुआ, तो सरकार गरीबों से जुड़ी कई योजनाएं भी खत्म कर देगी। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी को राज्य विधानमंडल के जॉइंट सेशन को संबोधित किया।

# वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की तो बीएलओ पर सख्त कार्रवाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट की शुद्धता से समझौता करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के खिलाफ सख्त कदम उठाने का फैसला किया है। आयोग ने साफ किया है कि अगर कोई बीएलओ जानबूझकर निर्देशों का पालन नहीं करता है या लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बीएलओ चुनाव व्यवस्था के जमीनी स्तर के अधिकारी होते हैं, जो अपने बूथ पर वोटर लिस्ट को तैयार करने और अपडेट रखने का काम करते हैं। आम तौर पर एक बूथ पर करीब 970 मतदाता या 300 घर होते हैं। चुनाव आयोग ने राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे निर्देश में कहा है कि ड्यूटी में लापरवाही, गलत काम, जानबूझकर आदेश न मानना या वोटर लिस्ट की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाने जैसे मामलों में कार्रवाई जरूरी है।नए नियमों के तहत, जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) दोषी पाए गए बीएलओ को निलंबित कर सकता है और उसके खिलाफ विभागीय जांच की सिफारिश करेगा। संबंधित विभाग को छह महीने के भीतर कार्रवाई पूरी कर इसकी जानकारी देनी होगी। अगर मामला आपराधिक प्रकृति का हुआ, तो डीईओ मुख्य निर्वाचन अधिकारी की मंजूरी से बीएलओ के खिलाफ एफआइआर भी दर्ज करा सकता है।

**एसयूवी में राजस्थान के नौ लोग सवार थे सभी एक मरीज के इलाज के लिए पालनपुर जा रहे थे**

# गुजरात में भीषण हादसा, छह लोगों की मौत और तीन घायल



- आबू-पालनपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक के डिवाइडर पार कर एसयूवी से टकरा गई

**एजेंसी। बनासकांठा**

गुजरात के बनासकांठा जिले में शनिवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया। आबू-पालनपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक के डिवाइडर पार कर एसयूवी से टकरा जाने से छह लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और सड़क पर लंबा जाम लग गया। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना शाम करीब सात बजे इकबालगढ़ गांव के पास हुई। राजस्थान से गुजरात की ओर जा रहा ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा, डिवाइडर कूद गया और सामने से आ रही एसयूीव से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी के परखच्चे उड़ गए। वाहन में सवार लोग संभल भी नहीं पाए। पुलिस ने बताया कि एसयूवी में कुल नौ लोग सवार थे, जो राजस्थान से इलाज के लिए पालनपुर जा रहे थे। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक महिला भी शामिल है। तीन अन्य घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। अमीरगढ़ पुलिस स्टेशन के निरीक्षक पी.डी. गोहिल ने बताया कि ट्रक को मौके पर छोड़ दिया गया है और चालक की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर जांच कर रही है।

### प्रशासन की कार्रवाई और जांच

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। हालांकि, पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया है कि ट्रक गुजरात से राजस्थान की ओर जा रहा था. इसी दौरान ट्रक ने अचानक सड़क का डिवाइडर पार कर लिया और विपरीत दिशा से आ रही एसयूवी से टकरा गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि एसयूवी में सवार लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला. अमीरगढ़ पुलिस थाने के इंस्पेक्टर पी.डी. गोहिल ने बताया कि टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है

### इलाज के लिए जा रहा था परिवार

इंस्पेक्टर गोहिल के अनुसार, एसयूवी में राजस्थान के नौ लोग सवार थे. ये सभी एक मरीज के इलाज के लिए पालनपुर जा रहे थे। इकबालगढ़ के पास अचानक हुए इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। हादसे में एसयूवी सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक महिला और दो पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### जांच जारी, चालक की तलाश

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। फरार ट्रक चालक को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा हैं। साथ ही, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी जुटाए जा रहे हैं।

# अब रेलवे स्टेशन पर रोबोट करेगा भीड़ की निगरानी विशाखापत्तनम में तैनात

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यात्रियों की सुरक्षा, संरक्षा और सर्विस डिलीवरी को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। भारतीय रेलवे ने विशाखापत्तनम रेलवे स्टेशन पर एएससी अर्जुन नाम का एक ह्यूमनॉइड रोबोट तैनात किया है।यह तैनाती इंडियन रेलवे नेटवर्क पर अपनी तरह की पहली पहल है। यह लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए नई और उभरती टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह रोबोट आरपीएफ कर्मियों के साथ मिलकर स्टेशन के संचालन में मदद करेगा। खासकर यात्रियों की ज्यादा आवाजाही के समय। एएससी अर्जुन को विशाखापत्तनम में पूरी तरह से स्वदेशी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके डिजाइन और डेवलप किया गया है। इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए टीम ने एक साल से ज्यादा समय तक लगातार काम किया। यह ह्यूमनॉइड रोबोट फेस रिकग्निशन सिस्टम (एफआरएस), आरपीएफ कंट्रोल रूम को रियल-टाइम अलर्ट के जरिए घुसपैठ का पता लगाने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है। यह रोबोट इंग्लिश, हिंदी और तेलुगु में ऑटोमैटिक पब्लिक अनाउंसमेंट कर सकता है, जिससे यात्रियों को गाइड करने और सुरक्षा और सिक्योरिटी मामलों पर जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। पहले से तय रास्तों पर सेमी-ऑटोनॉमस नेविगेशन और रुकावटों से बचने की क्षमता के साथ एएससी अर्जुन प्लेटफॉर्म पर चौबीसों घंटे पेट्रोलिंग कर सकता है, जिससे असरदार निगरानी में मदद मिलती है और मैनपावर का सही इस्तेमाल होता है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी, उत्तर भारत समेत 5 राज्यों में बारिश का अलर्टद्व, राजस्थान में 10 डिग्री तक गिरा पारा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तरी भारतीय राज्य जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हो रही है। शिमला, मनाली, मसूरी, कटरा चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। एक ओर जहां पर्यटक बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं, तो दूसरी ओर स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बर्फबारी के कारण जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सड़कों पर दो से तीन फुट तक बर्फ जमने यातायात प्रभावित हो रही है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और जम्मू के डोडा में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बर्फबारी हो रही है। एक तरफ जहां पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी के कारण 2-3 फीट बर्फ जम गई है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर ने राजस्थान, यूपी और एमपी समेत पांच राज्यों में हुई बारिश ने ठिठुरन बढ़ा दी है। मैदानी इलाकों में चल रही बर्फीली हवाओं के कारण पूरे उत्तर भारत में एक बार फिर तापमान में गिरावट देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी हो रही है, तो दूसरी ओर मैदानी राज्यों में बारिश का कहर देखने को मिल रहा है। यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और मध्य प्रदेश में बारिश की संभावना है।







# जनता दरबार में जमीन विवादों की गूंज, अंचल कार्यालय बना न्याय की चौपाल

- सीओ के नेतृत्व में सुनवाई, कई मामलों में नोटिस, जांच के निर्देश, कुछ विवाद न्यायालय को सौंपे गए

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार एक बार फिर जमीन विवादों के निपटारे का केंद्र बना। सीओ संतोष प्रितम के नेतृत्व में हुई इस सुनवाई में फरियादियों की लंबी कतार और वर्षों से लंबित विवादों की फेहरिस्त सामने आई। जनता दरबार में कुल पांच मामलों की सुनवाई की गई, जिनमें अधिकांश प्रकरण रैयती जमीन, कबाला और आपसी दावों से जुड़े रहे।



सुनवाई के दौरान धनसोई थाना क्षेत्र के अमरपुर गांव से पहुंचे गोविंद जी साह और सीताराम साह के बीच रैयती जमीन पर कबाला को लेकर चला आ रहा वर्षों पुराना विवाद प्रमुखता से उठा। दोनों पक्षों ने अपने-अपने कागजात प्रस्तुत किए। दस्तावेजों के अवलोकन के बाद सीओ ने स्पष्ट किया कि विवादित भूमि अंचल क्षेत्राधिकार से बाहर की प्रतीत हो रही है, ऐसे में न्यायालय का रुख करना ही उचित होगा। इस पर दोनों पक्षों को न्यायालय में वाद दायर करने का सुझाव देकर मामला अग्रसारित कर दिया गया।

इसी गांव से जुड़े एक अन्य विवाद में मीना देवी और जगजीवन राम के बीच जमीन को लेकर खींचतान सामने आई। इस मामले में सीओ ने संबंधित राजस्व कर्मी को स्थल जांच कर तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया, ताकि अगली सुनवाई में निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके।

धनसोई निवासी अतवरिया देवी और भीरू राम के बीच चल रहे जमीन विवाद में प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दोनों पक्षों को नोटिस जारी किया। नोटिस के जरिए आवश्यक कागजातों के साथ अगली तिथि पर उपस्थित होने का आदेश दिया गया है, ताकि मामले की विधिवत जांच की जा सके।

वहीं, राजपुर थाना क्षेत्र के बारूपुर गांव के रामनिवास राय और इंदेलाल राय के बीच चल रहे जमीन विवाद में प्रस्तुत दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की गई। दस्तावेजों में स्पष्टता के अभाव को देखते हुए दोनों पक्षों को अगली सुनवाई में पूर्ण कागजातों के साथ उपस्थित होने का नोटिस थमाया गया।

जनता दरबार के दौरान सीओ संतोष प्रितम ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य विवादों का निष्पक्ष, त्वरित और कानूनसम्मत समाधान है। उन्होंने फरियादियों से अपील की कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ आएं और प्रशासन का सहयोग करें। जनता दरबार में पारदर्शी सुनवाई से लोगों में न्याय की उम्मीद और विश्वास दोनों मजबूत होते दिखे।

# बक्सर में दो हत्याकांडों का खुलासा : एसआईटी-एसटीएफ की पकड़ में आया रावण, 9 साल पुराना पेट्रोल पंप मर्डर भी सुलझा

- राजनीतिक हत्या से लेकर फरार शूटर तक, एसपी शुभम आर्य बोले अपराधियों के लिए बक्सर अब सुरक्षित ठिकाना नहीं

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले में लंबे समय से चर्चा में रहे दो सनसनीखेज हत्याकांडों का एक साथ खुलासा कर पुलिस ने अपराध जगत में हलचल मचा दी है। शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से भागने वालों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। एसपी ने बताया कि संगठित अपराध, साजिश और फरारी तीनों पर पुलिस की पैनी नजर है और नतीजे अब सामने आने लगे हैं। पहला मामला वर्ष 2025 में हुए राजद नेता अर्जुन यादव हत्याकांड से जुड़ा है। 26 मई को मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत चौसा पावर प्लांट के समीप दिनदहाड़े गोली मारकर की गई इस हत्या ने पूरे जिले को झकझोर दिया था। राजनीतिक पृष्ठभूमि और सुनियोजित साजिश के चलते पुलिस ने मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर लेते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसपी ने बताया कि गहन तकनीकी और मानवीय जांच के बाद अब तक आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इस हत्याकांड में बड़ा मोड़ तब आया, जब जांच के दौरान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के सिकटौना गांव निवासी कुख्यात अपराधी राजा दुबे उर्फ रावण का नाम सामने आया। पुलिस रिकॉर्ड में पहले से दर्ज आपराधिक इतिहास और कई संगीन मामलों में संलिप्तता के आधार पर उसकी तलाश तेज की गई। अंततः बक्सर पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार को दानापुर के सगुना मोड़ से उसकी गिरफ्तारी हुई। एसपी ने बताया कि राजा दुबे के विरुद्ध नगर थाना और मुफस्सिल थाना में करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं, जो उसके संगठित अपराध नेटवर्क की ओर इशारा करते हैं।



इस कार्रवाई में सदर एसडीपीओ गौरव पांडेय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष शम्भु भगत सहित पुलिस टीम की भूमिका को एसपी ने सराहा और कहा कि समन्वित रणनीति के बिना ऐसे अपराधियों तक पहुंच संभव नहीं होती। दूसरी बड़ी सफलता ने पुलिस की दृढ़ता को और मजबूत किया। वर्ष 2016 में नगर थाना क्षेत्र के सिंडिकेट स्थित पेट्रोल पंप मालिक हरेंद्र सिंह की हत्या के मामले में नौ साल बाद न्याय की राह खुली है। एसपी के अनुसार, 23 अगस्त 2016 को विकास वर्मा ने अपने चार सहयोगियों के साथ मिलकर इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही मुख्य अभियुक्त फरार चल रहा था और लगातार ठिकाने बदलता रहा। हालिया तकनीकी साक्ष्यों और पुराने सुरागों को जोड़ते हुए पुलिस ने उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने दो टूक कहा कि बक्सर पुलिस की नीति स्पष्ट है, अपराध चाहे जितना पुराना हो या आरोपी कितना भी शातिर, कानून के शिकंजे से कोई नहीं बचेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए निरंतर अभियान, खुफिया तंत्र की मजबूती और अंतर-एजेंसी समन्वय को और धार दी जाएगी।

इन दो खुलासों के साथ बक्सर पुलिस ने यह संकेत दे दिया है कि अपराधियों के लिए अब समय और दूरी कोई ढाल नहीं है, कानून की पहुंच हर जगह है।

## एक नजर

### केसठ नया बाजार में बुर्ज खलीफा की तर्ज पर बना मां सरस्वती का पंडाल बना आकर्षण का केंद्र



**केसठ।** प्रखंड के केसठ नया बाजार में रुद्रांश सेना क्लब द्वारा मां सरस्वती पूजा के अवसर पर स्थापित भव्य पंडाल इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। दुबई के विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा की तर्ज पर तैयार किए गए इस पंडाल ने लोगों का मन मोह लिया है। ऊंचाई, कलात्मक डिजाइन और आकर्षक लाइटिंग के कारण यह पंडाल पूरे प्रखंड में आकर्षण और भव्यता का केंद्र बना हुआ है। पंडाल की बनावट में आधुनिक वास्तुकला और धार्मिक आस्था का सुंदर समन्वय देखने को मिल रहा है। दिन में इसकी संरचना लोगों को अपनी ओर खींच रही है, वहीं रात में रंग-बिरंगी रोशनी से सजा यह पंडाल किसी अंतरराष्ट्रीय इमारत जैसा दृश्य प्रस्तुत करता है। पूजा पंडाल के भीतर मां सरस्वती की सुसज्जित प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां श्रद्धालु विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर रहे हैं। रुद्रांश सेना क्लब के अध्यक्ष पिंटू, रौशन, शिवम, मूर्तिकार राजेश, मनीष, संचालक राहुल, गोलू, नीरज, प्रियांशु, शनि, अंकित, राहुल, प्रिंस आदि ने बताया कि इस बार कुछ नया और अनोखा करने के उद्देश्य से बुर्ज खलीफा की तर्ज पर पंडाल बनाने का निर्णय लिया गया। पंडाल निर्माण में स्थानीय कारीगरों ने कई दिनों की मेहनत की है। समिति के अनुसार, युवाओं के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गों में भी इस पंडाल को देखने का खासा उत्साह है। सरस्वती पूजा के अवसर पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज के गांवों से भी लोग पंडाल और प्रतिमा दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर समिति द्वारा स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### चौसा मठिया मोड़ से चार पेटी देशी शराब बरामद, बाइक जब्त, तस्कर फरार

**चौसा।** मुफस्सिल थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विगत शाम चौसा के मठिया के पास से चार पेटी देशी शराब बरामद की है। हालांकि पुलिस की कार्रवाई की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से बाइक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने जब्त शराब के साथ प्रयुक्त बाइक को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से अवैध रूप से देशी शराब की खेप चौसा की ओर लाई जा रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मठिया के पास पहुंची इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक पुलिस को दिखी आसपास कोई मौजूद नही था। पुलिस की आने की सूचना पा तस्कर फरार हो गया। तलाशी के दौरान बाइक पर लदी बोरी में बंद चार पेटी देशी शराब बरामद की गई। शराब की मात्रा और ब्रांड की जांच की जा रही है। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष चन्दन कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से तस्करी कर लाई जा रही थी। पकड़े गए शराब की कुल मात्रा 36 लीटर है। उन्होंने कहा कि जब्त बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर तस्कर की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# युवा समाजसेवी विक्की सिंह ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन का किया सम्मान

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर जिले के चिलहरी निवासी युवा समाजसेवी विक्की सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने नितिन नबीन को पार्टी की नई जिम्मेदारी संभालने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके सफल और प्रभावी कार्यकाल की कामना की। सम्मान समारोह के दौरान सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग साफ झलक रही थी। विक्की सिंह ने कहा कि नितिन नबीन का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर चयन होना पूरे संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन ने अपने राजनीतिक जीवन में संगठनात्मक कार्यों को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और कार्यकर्ताओं से संवाद की शैली उन्हें एक प्रभावी नेता बनाती है। ऐसे में उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी और अधिक संगठित तथा मजबूत होगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सदैव युवाओं को आगे बढ़ाने और नेतृत्व के अवसर देने वाली पार्टी रही है। नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इसी परंपरा को आगे बढ़ाने वाला कदम है, जिससे युवाओं में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होगा।



विक्की सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा की विचारधारा देश के विकास, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है और संगठन का मजबूत ढांचा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। सम्मान समारोह के दौरान विक्की सिंह ने नितिन नबीन को अंगवस्त्र ओढ़ाकर उनका अभिनंदन किया तथा बुके भेंट कर अपनी शुभेच्छा प्रकट की। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी नितिन नबीन के प्रति अपना विश्वास जताया और उनके नेतृत्व में पार्टी के विस्तार एवं मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि उनके मार्गदर्शन में भाजपा संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने किया सिमरी थाने का औचक निरीक्षण, फाइलों की सख्त समीक्षा

- लंबित मामलों पर जताई नाराजगी, सभी पुलिस पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी थाने का शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पोलस्त कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण एवं लंबित मामलों की गहन समीक्षा की गई। अचानक हुए इस निरीक्षण से थाना परिसर में प्रशासनिक हलचल देखी गई। एसडीपीओ ने थाने में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से लंबित फाइलों, अनुसंधान प्रगति, शिकायत निस्तारण तथा अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जांच के दौरान कई फाइलें लंबित पाई गईं, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व से लंबित सभी फाइलों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में एसडीपीओ पोलस्त कुमार ने थानाध्यक्ष ज्योति कुमारी,पुलिस अवर निरीक्षक कपिल देव मंडल, ब्रजेश कुमार, नीरज कुमार, बिगन गलहोत, राखी कुमारी तथा सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार और कुंदन कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना में पारदर्शिता, समयबद्ध कार्य निष्पादन और आम नागरिकों के साथ संवेदनशील व्यवहार पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। एसडीपीओ ने यह भी कहा कि थाना स्तर पर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन से न केवल न्याय प्रक्रिया को गति मिलेगी, बल्कि पुलिस के प्रति आमजन का विश्वास भी मजबूत होगा। निरीक्षण के अंत में उन्होंने थाना प्रभारी को नियमित मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड अद्यतन और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए।



# कलियुग का शॉर्टकट मोक्ष : हरि नाम स्मरण से जीवन की दिशा बदलने का संदेश





- केसठ के दसियांव गांव में श्रीराम कथा के मंच से जीयर स्वामी जी महाराज का आध्यात्मिक आह्वान

**केटी न्यूज/केसठ**

कलियुग में मोक्ष कोई कठिन तपस्या या जंगलों में वर्षों की साधना का परिणाम नहीं, बल्कि जीवन के बीचोबीच ईश्वर से जुड़ने की सरल प्रक्रिया है। हरि नाम का स्मरण, बस यही वह सूत्र है, जो मनुष्य को जन्म-जन्मांतर के बंधनों से मुक्त कर सकता है। यह संदेश प्रसिद्ध संत त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम शिष्य जीयर स्वामी जी महाराज ने प्रखंड के दसियांव गांव में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान दिया। शनिवार को बाबा हरसु मानस मंडल के तत्वावधान में आयोजित कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा मंच से स्वामी जी महाराज ने कलियुग के मनुष्य की जीवनशैली, उसकी दौड़ और भटकाव पर गहरी दृष्टि डालते हुए मोक्ष का एक व्यावहारिक मार्ग सामने रखा।

### गृहस्थ जीवन में रहकर भी संभव है मुक्ति

जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि कलियुग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां मोक्ष के लिए कठोर तप, व्रत या संन्यास अनिवार्य नहीं है। मनुष्य गृहस्थ आश्रम में रहते हुए, अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्व निभाते हुए भी ईश्वर के नाम स्मरण से मुक्ति पा सकता है। उन्होंने कहा कि सतयुग, त्रेता और द्वापर में जहां ऋषि-मुनि हजारों वर्षों की तपस्या करते थे, वहीं कलियुग में भगवान ने मनुष्य के लिए मार्ग को सरल और सुलभ बना दिया है।

### भौतिक दौड़ में उलझा आज का मानव

स्वामी जी महाराज ने आज के समाज की मानसिकता पर चिंता जताते हुए कहा कि झूठी शानो-शौकत, दिखावे और भौतिक सुख-सुविधाओं की अंधी दौड़ में मनुष्य अपना सबसे कीमती धन, समय नष्ट कर रहा है। यही कारण है कि वह जीवन के वास्तविक उद्देश्य से भटक जाता है और कष्टों में घिर जाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ईश्वर का नाम किसी विशेष समय या स्थान का मोहताज नहीं है; उसे कहीं भी, किसी भी अवस्था में स्मरण किया जा सकता है।

### कर्म, पुनर्जन्म और गुरु का महत्व

कथा के दौरान जीयर स्वामी जी महाराज ने कर्म और पुनर्जन्म के सिद्धांत को सरल शब्दों में समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य का अगला जन्म उसके कर्मों से ही तय होता है। जो व्यक्ति कुमार्ग से बचाकर सद्मार्ग पर ले जाए, वही सच्चा गुरु होता है, इसलिए सदाचारी और संस्कारवान गुरु का चयन जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है।

### उत्सव का माहौल, 27 जनवरी को समापन

उल्लेखनीय है कि दसियांव गांव में हरसु मानस मंडल का जन्मोत्सव कार्यक्रम पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। जीयर स्वामी जी महाराज के आगमन पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कथा का संचालन सतीश कुमार द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का समापन 27 जनवरी को होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

## भाजपा ओबीसी मोर्चा ने मनाई जननायक कपूर्री ठाकुर की 102वीं जयंती, नेताओं ने किया विचारों का स्मरण

**केटी न्यूज/बक्सर**

जननायक कपूर्री ठाकुर जी की 102वीं जयंती समारोह भाजपा ओबीसी मोर्चा के बैनर तले अहिरौली स्थित भाजपा कार्यालय में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष नंदलाल पंडित ने की, जबकि संचालन ओबीसी मोर्चा के महामंत्री रुपेश कुमार चौरसिया ने किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने जननायक कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि कपूर्री ठाकुर बिहार की राजनीति में गरीबों, पिछड़ों और दबे-कुचले वर्गों की सशक्त आवाज बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1952 में पहली बार विधानसभा चुनाव जीतकर राजनीति में कदम रखने वाले कपूर्री ठाकुर ने अपने पूरे जीवन में सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष किया। वे दो बार बिहार के मुख्यमंत्री, एक बार उपमुख्यमंत्री तथा कई बार विधायक और विपक्ष के नेता के रूप में जनता का नेतृत्व करते रहे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि 1967 में उपमुख्यमंत्री बनने के बाद कपूर्री ठाकुर ने बिहार में अंग्रेजी की अनिवार्यता समाप्त कर आम जनता को बड़ी राहत दी। वहीं 1971 में मुख्यमंत्री बनने पर उन्होंने किसानों के हित में गैर-लाभकारी भूमि पर मालगुजारी कर समाप्त किया। मुंगेरीलाल आयोग की सिफारिशों को लागू कर उन्होंने नौकरियों में पिछड़े और गरीब वर्गों को आरक्षण देकर सामाजिक न्याय की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया। इस दौरान उन्हें स्वर्ण वर्ग के विरोध का भी सामना करना पड़ा, लेकिन वे अपने सिद्धांतों पर अडिग रहे।

राजनीति के जानकारों के अनुसार उनकी सादगी, ईमानदारी और जनता से गहरे जुड़ाव के कारण ही उन्हें "जननायक" की उपाधि मिली। उनकी जनसेवा और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को सम्मान देते हुए भारत सरकार ने वर्ष 2025 में उन्हें मरणोपरांत "भारत रत्न" से सम्मानित किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण शर्मा, सुखदेव राय, मिठाई सिंह, रमेश गुप्ता, रामाश्रय राम, नीलम सहाय, दीपक पांडेय, उमाशंकर राय जिला मीडिया प्रभारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्मान, संवाद और संकल्प के मंच से बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता पर सरकार का फोकस

# बेटियां भविष्य नहीं, वर्तमान की ताकत हैं, राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बक्सर से सशक्तिकरण का बुलंद संदेश



**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बक्सर में आयोजित सम्मान एवं संवाद कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि बालिकाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण का स्पष्ट ऐलान बनकर उभरा। महिला एवं बाल विकास निगम और जिला प्रशासन बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में प्रशासन, विशेषज्ञों और बालिकाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित कर यह संदेश दिया गया कि समाज और शासन दोनों की प्राथमिकता अब बेटियों का सर्वांगीण विकास है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी साहिला द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि "बेटियां केवल भविष्य की उम्मीद नहीं, बल्कि आज की निर्णायक शक्ति हैं।" उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर काम कर रही है और पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कठोरता से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। नियमित जांच, निगरानी और जन-जागरूकता अभियानों का असर अब जमीन पर दिखने लगा है।

### योजनाओं से बदली तस्वीर, बदला नजरिया

जिलाधिकारी ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना, मिशन शक्ति जैसी पहलें बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता को मजबूत आधार दे रही हैं। इन योजनाओं के सकारात्मक परिणामस्वरूप समाज में बेटियों के प्रति नजरिया बदला है और महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिली है। उन्होंने किसी भी समस्या के समाधान के लिए महिला हेल्पलाइन 181 पर संपर्क करने की अपील की।

### सम्मान के मंच से बढ़ा हौसला

कार्यक्रम का एक अहम पहलू प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान रहा। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भाषण, क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।
खेल के क्षेत्र में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बक्सर का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित कर यह संदेश दिया गया कि बेटियां हर मैदान में जीत दर्ज कर रही हैं। वहीं कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रतिभावान बालिकाओं को शील्ड और मेडल प्रदान किए गए।

### सम्मान के मंच से बढ़ा हौसला

कार्यक्रम का एक अहम पहलू प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान रहा। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित भाषण, क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया।
खेल के क्षेत्र में जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बक्सर का नाम रोशन करने वाली बालिकाओं को सम्मानित कर यह संदेश दिया गया कि बेटियां हर मैदान में जीत दर्ज कर रही हैं। वहीं कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान बनाने वाली प्रतिभावान बालिकाओं को शील्ड और मेडल प्रदान किए गए।

### बालिकाओं के अधिकार और सुरक्षा पर केंद्रित संवाद

उप विकास आयुक्त ने बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सामाजिक सोच विकसित करने, शिक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और बाल विवाह जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बालिकाओं को अपनी आवाज सही मंच पर उठाने के लिए प्रेरित किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने शिक्षा को सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव बताते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं की जानकारी दी और बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### कानून, साइबर सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेषज्ञों की सीख

कार्यक्रम में डालसा के अधिवक्ता ने बालिकाओं से जुड़े कानूनों और अधिकारों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें कानूनी रूप से जागरूक किया। वहीं साइबर थाना की महिला पुलिस पदाधिकारी ने सोशल मीडिया के सुरक्षित और नियंत्रित उपयोग की अहमियत बताते हुए साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय साझा किए।

महिला चिकित्सिका ने संतुलित आहार, एनीमिया और किशोरावस्था से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर सरल भाषा में जानकारी देकर बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

## एक नजर

### 27 जनवरी को बक्सर में एकदिवसीय रोजगार शिविर, 20 पदों पर होगा सीधा चयन

**बक्सर।** जिला नियोजनालय, बक्सर की ओर से जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 27 जनवरी को एकदिवसीय रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह रोजगार शिविर संयुक्त श्रम भवन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मैदान स्थित जिला नियोजनालय परिसर में आयोजित होगा। शिविर का समय पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित है। इस रोजगार शिविर में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी आमधने प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। कंपनी द्वारा फिटर, सहायक (हेल्पर) एवं ऑपरेटर पदों के लिए कुल 20 रिक्तियां निकाली गई हैं। चयनित अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता एवं अनुभव के अनुसार प्रतिमाह 15 हजार से 30 हजार रुपये तक वेतन प्रदान किया जाएगा। इन पदों के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है, जबकि शैक्षणिक योग्यता के रूप में मैट्रिक, इंटरमीडिएट, स्नातक अथवा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) उत्तीर्ण अभ्यर्थी आवेदन के पात्र होंगे। जिला नियोजनालय के अनुसार रोजगार शिविर में अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता के आधार पर मौके पर ही किया जाएगा। शिविर में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों का जिला नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य है। जो अभ्यर्थी अब तक निबंधन नहीं करा पाए हैं, वे राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन करा सकते हैं। रोजगार शिविर में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ अद्यतन बायोडाटा एवं आधार कार्ड लेकर शिविर स्थल पर उपस्थित होना होगा। नियुक्ति से संबंधित सभी शर्तों के लिए संबंधित नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे, जबकि जिला नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा प्रदाता के रूप में रहेगी। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने जिले के सभी बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस रोजगार शिविर में भाग लेकर उपलब्ध अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं।

### पंचायत समिति बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**केसठ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन के सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रखंड क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार सौरभ ने किया। बैठक की शुरूआत में बीडीओ ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मियों का स्वागत किया। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचे। इसके लिए जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है।बैठक में मनरेगा, शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, स्वच्छता समेत अन्य विभागों के कार्यों की क्रमवार समीक्षा की गई। बीडीओ ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए। मनरेगा योजनाओं की समीक्षा के दौरान मजदूरों के केवाईसी अपडेट पर विशेष जोर दिया गया, ताकि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा न हो और पारदर्शिता बनी रहे।बैठक के दौरान केसठ पंचायत के मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान ने जीविका बीपीएम से यह मांग की कि पंचायत क्षेत्र की जिन महिलाओं को 10 हजार रुपये की सहायता राशि मिली है, उनसे संबंधित यह स्पष्ट किया जाए कि उक्त राशि से किस प्रकार का रोजगार किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने की मांग की, ताकि योजना की वास्तविक प्रगति का आकलन किया जा सके।इसके अलावा बैठक में केसठ को बाल विकास परियोजना की स्वतंत्र इकाई बनाए जाने की मांग भी जोर शोर से उठी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में केसठ चौगाई परियोजना के अंतर्गत आता है, जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यदि केसठ को अलग बाल विकास परियोजना इकाई बनाया जाता है, तो इससे कार्यों में सुविधा होगी और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।

## समेकित कृषि प्रणाली से खेती करने का गुर शिविर में किसानों को बताया गया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

समेकित कृषि प्रणाली से किसानों को आधुनिक तकनीक से खेती करने का गुर बताने के लिये प्रखंड कार्यालय स्थित किसान भवन में एक दिवसीय कायार्शाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। किसानों को बताया गया की आप अपने एक जमीन पर समेकित प्रणाली से आप कैसे आधुनिक तरीके से खेती कर सकते हैं। किसान खेती के साथ ही उसी जमीन पर मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, रेशम, सब्जी, फल, मशरूम की खेती एक साथ उद्योग को भी विकसित कर सकते हैं। इस तकनीक से खेती करने वालों को सरकार की तरफ से अनुदान भी मिलता है। इसमें जोखिम कम और आय ज्यादा होती है, जिससे किसान खुशहाल रहते हैं। इसके दो घटक होते हैं, पहले घटक में पशुओं के गोबर दूसरे में फसल और खाद आता है। इसमें निर्भरता कम लेकिन मुनाफा ज्यादा होती है।

### मुख्य घटक और उनका तालमेल

फसल और पशुपालन से मिलने वाला गोबर खाद के रूप में और गोमूत्र कीटनाशक के रूप में प्रयोग होता है, वहीं फसल के अवशेष पशुओं का चारा बनता है। वहीं तालाब अधारित प्रणाली जिसमें मछली पालन के साथ, उसकी मेढ़ो पर सब्जियां, फल या चारा उगाया जाता है, जिससे जगह का पूरा इस्तेमाल हो सके। फिर इसमें मशरूम की खेती फसल अवशेषों से उगाया जा सकता है, जिससे अतिरिक्त लाभ किसानों को हो सकती है। उसी तहर से मुर्गी व बत्तख पालन भी होता है, जिसमें ये कीटों को खाकर फसल की रक्षा करते हैं। साथ ही इनके अंडे और मांस से आय की बढ़ोतरी होती है। इसमें मधुमक्खी पालन से जो शहद निकलता है, उससे आय होती है। वैज्ञानिकों ने बताया की इससे जोखिम कम लेकिन आया ज्यादा होती है। इससे मिट्टी का उर्वरा शक्ति बढ़ती है। किसानों को यह भी बताया गया की आप स्थानीय बाजारों की मांग को समझे, जमीन, पूंजी, पानी का आकलन करें, फिर जरूरत के अनुसार खेती को या व्यवसाय को चुन उस पर कार्य को फोकस करें।

## राजपुर में विद्या की आराधना का उत्सव, गांव-गांव गूंजे सरस्वती वंदना के स्वर



पूजा पंडालों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, डीजे की धुन और बसंती बयार ने बनाया माहौल यादगार

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड के विभिन्न गांवों में विद्या, बुद्धि और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की पूजा इस वर्ष खास उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। सुबह होते ही गांव-गांव बने पूजा पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूजा की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुई, जहां आचार्यों द्वारा विधि-विधान से मां सरस्वती की आराधना कराई गई। मंत्रों की गूंज और शंखध्वनि से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। पूजा संपन्न होते ही पंडालों के आसपास उत्साह का अलग ही नजारा देखने को मिला। गगनभेदी जयकारों से पूरा इलाका गूंज उठा, वहीं डीजे की धुन पर छात्र-छात्राओं की टोलियां झूमती नजर आईं। बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही बसंती बयार और मधुर गीतों की धुन ने इस उत्सव में और रंग भर दिया। ईसापुर, सरेंजा, भलुहा, राजपुर, तियरा, बघेलवां, संगराव, मँगराव, नागपुर, ईटवां और कजरिया सहित प्रखंड के लगभग सभी गांवों में चौक-चौराहों पर बने पूजा पंडाल श्रद्धा के केंद्र बने रहे।

### शिक्षा संस्थानों में भी दिखा उत्सव का रंग

तियरा स्थित ओरेकल पब्लिक स्कूल में भी मां सरस्वती की पूजा बड़े ही भावपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। विद्यालय के निदेशक जितेन्द्र कुमार साह के नेतृत्व में बच्चों ने मां सरस्वती की आराधना की। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं उमाशंकर वर्मा, श्रीराम पांडेय, पूजा कुमारी, खुशबू शर्मा, रूबी कुमारी, आजाद कुमार, नेहा कुमारी, पूजा देवी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, विकास त्रिपाठी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने विद्या, विवेक और सफलता की कामना की।

### सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

सरस्वती पूजा को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। सभी प्रमुख पूजा पंडालों के पास चौकीदारों की तैनाती की गई है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि गश्ती दल लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है और लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की जा रही है। किसी भी तरह की गड़बड़ी फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी हुई है।
कुल मिलाकर राजपुर प्रखंड में सरस्वती पूजा का यह आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन का सुंदर संगम बनकर सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया।

## दो दिनों बाद खुला डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल का ओपीडी, डॉ. बिरेन्द्र राम की मौजूदगी से फिर लौटी रौनक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को दो दिनों बाद ओपीडी सेवा दोबारा शुरू होते ही अस्पताल परिसर में चहल-पहल लौट आई। खासकर चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेन्द्र राम की मौजूदगी ने मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत दी। ओपीडी खुलने की खबर मिलते ही सुबह से ही मरीजों की भारी भीड़ अस्पताल में जुटने लगी, जो दोपहर दो बजे ओपीडी के अंतिम समय तक बनी रही।

दो दिनों तक ओपीडी बंद रहने के कारण इलाज के इंतजार में बैठे मरीजों के चेहरे शनिवार को खिल उठे। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. बिरेन्द्र राम के साथ दंत चिकित्सक डॉ. जुनैद आलम समेत अन्य चिकित्सक भी ओपीडी में मौजूद रहे। सभी डॉक्टरों के कक्षों के बाहर मरीज कतारबद्ध नजर आए और व्यवस्थित ढंग से इलाज कराया। अस्पताल परिसर में लंबे समय बाद ऐसी रौनक दिखी, जिससे साफ जाहिर हुआ कि लोगों को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से कितनी उम्मीदें जुड़ी हैं।





गौरतलब है कि सदर अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत के बाद डॉक्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के प्रयास से चिकित्सकों में रोष फैल गया था। इसी के विरोध में बिहार स्वास्थ्य सेवा संघ (भासा) के आह्वान पर जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में दो दिनों तक ओपीडी सेवाएं बंद रहीं। डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा को लेकर ठोस व्यवस्था की मांग उठाई थी। शुक्रवार की शाम प्रशासन और चिकित्सक संघ के बीच सहमति बनने के बाद शनिवार से ओपीडी सेवाएं फिर से शुरू की गईं।

इस मौके पर डॉ. बिरेन्द्र राम ने कहा कि डॉक्टरों की सुरक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल और सदर अस्पताल में हाल के दिनों में हुई घटनाओं को निंदनीय बताते हुए कहा कि यह साफ संकेत है कि सरकारी अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "यदि डॉक्टरों को सुरक्षित माहौल नहीं मिलेगा तो वे निश्चिंत होकर मरीजों का इलाज कैसे कर पाएंगे। डॉ. बिरेन्द्र राम ने यह भी कहा कि हर चिकित्सक की प्राथमिकता मरीजों को बेहतर इलाज देना और उन्हें स्वस्थ करना होती है। मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और अच्छा व्यवहार भी इलाज का अहम हिस्सा है। यही वजह है कि डॉ. बिरेन्द्र राम न केवल एक कुशल हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में पहचाने जाते हैं, बल्कि मरीजों से आत्मीय व्यवहार और दवा के साथ-साथ नियमित व्यायाम की सलाह देने के लिए भी लोकप्रिय हैं।

ओपीडी के दोबारा शुरू होने से जहां मरीजों को बड़ी राहत मिली है, वहीं अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सामने यह जिम्मेदारी और बढ़ गई है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने और डॉक्टरों के साथ-साथ मरीज भी खुद को सुरक्षित महसूस करें।

## चौसा में 25 को सभी बूथों पर मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस, बीएलओ को सौंपी गई अहम जिम्मेदारी

**केटी न्यूज/चौसा**

पूरे जिले में 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इसी क्रम में चौसा प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर भी मतदाता दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने और नए मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बैनर, शपथ पत्र सहित अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। बीडीओ मनोज पासवान ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बीएलओ की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सभी बीएलओ को अपने-अपने बूथ क्षेत्र में नए मतदाताओं की पहचान कर उन्हें मतदाता शपथ दिलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही वे आम मतदाताओं को मतदान के अधिकार, उसकी महत्ता और नागरिक जिम्मेदारियों की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और पहली बार मतदान करने वाले नागरिकों को जागरूक करना है, ताकि वे बिना किसी दबाव के स्वतंत्र, निष्पक्ष और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। बीडीओ ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि लोकतंत्र और अधिक मजबूत हो सके।



केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण



# शहीद हरे राम कुंवर का शव पहुंचा पैतृक गांव , तिरंगे में लिपटा जवान देख हर आंख हुई नम

**एजेंसी। आरा**

एक परिवार और पूरे समुदाय के लिए यह दिन बेहद भावुक और दर्दनाक रहा, जब देश के लिए शहीद हुए जवान का शव तिरंगे में लिपटा हुआ घर पहुंचा। परिजनों की कराह, ग्रामीणों की श्रद्धांजलि और प्रशासनिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने इस घटना को राष्ट्रीय भावना और मानवीय संवेदना का प्रतीक बना दिया। भोजपुर जिले के नथमलपुर गांव में एक सैनिक की शहादत ने पूरे गांव को गम और गर्व के भाव से भर दिया। देश की रक्षा के लिए तैनात जवान हरे राम कुंवर का पार्थिव शरीर जब उसके पैतृक गांव पहुंचा,



तो गांव में सन्नाटा छा गया और हर आंख नम हो गई। शहीद का शव तिरंगे में लिपटा था, जिसे देखकर ग्रामीणों के साथ-साथ परिजन भी भावुक हो उठे।जैसे ही शहीद का पार्थिव शरीर गांव की गलियों में पहुंचा, भारत माता की जय और ‟हरे राम कुंवर शहीद अमर रहें” के नारों से माहौल गूंज उठा। शहीद के घर के बाहर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन, खासकर पत्नी, भाई और अन्य रिश्तेदार शव से लिपटकर विलाप करते रहे। पत्नी की चीखें, मां और पिता की नम आंखें और परिजनों का बिलखना हर किसी का कलेजा चीर देने वाला दृश्य था। जिस बेटे को देश की रक्षा के लिए विदा किया गया था, आज वही बेटा तिरंगे में लिपटकर वापस लौटा। ग्रामीणों ने फूल बरसाकर शहीद को अंतिम श्रद्धांजलि दी।शहीद हरे राम कुंवर ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर किए, जिसकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने भी गांव पहुंचकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि सरकार शहीद के परिवार के साथ हर कदम पर खड़ी है। शहीद की शहादत ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है और आज गांव का हर व्यक्ति खुद को उस वीर सपूत से जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है।

# पटना एयरपोर्ट पर तीसरे एयरोब्रिज का शुभारंभ, अब गेट नंबर 11 से भी परिचालन



## जल्द शुरू होगा चौथा और पांचवा एयरब्रिज भी

एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि इस सुविधा को नागर विमानन महानिदेशालय (उ्र्र्रअ) की स्वीकृति के बाद कमीशन किया गया है। तीसरे एयरोब्रिज के माध्यम से पहली उड़ान स्पाइसजेट की रही। बेंगलुरु-पटना सेक्टर की फ्लाइट (रएख672), कुल 188 यात्रियों को लेकर पटना पहुंची और एयरोब्रिज सुविधा का उपयोग करते हुए पार्क की गई। इसके बाद पटना से बेंगलुरु के लिए स्पाइसजेट की फ्लाइट (रएख674) कुल 187 यात्रियों को लेकर सफलतापूर्वक रवाना हुई। इसी के साथ तीसरे एयरोब्रिज के परिचालन की औपचारिक शुरूआत हो गई। उन्होंने बताया कि पटना एयरपोर्ट पर चौथे और पांचवे एयरोब्रिज का शुभारंभ भी जल्द ही किया जाएगा। इसके काम में भी तेजी लाई गई है।

**एजेंसी। पटना**

जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय (जेपीएनआई) हवाई अड्डा को तीसरे एयरोब्रिज की सौगात मिल गई है। इस एयरोब्रिज को गेट नंबर 11 से भी जोड़ दिया गया है। आज से इसकी शुरूआत हो चुकी है।पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर चंद्र प्रताप द्विवेदी ने बताया कि जेपीएनआई हवाई अड्डा, पटना लगातार अवसंरचना विकास की दिशा में कार्य कर रहा है और यात्रियों को सुरक्षित, सुगम एवं दक्ष सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में तीसरे पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज (एयरोब्रिज) का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह एयरोब्रिज बोर्डिंग गेट संख्या 11 से जोड़ा गया है और आज से इसे औपचारिक रूप से परिचालन में लाया गया है। एयरपोर्ट डायरेक्टर ने बताया कि इस सुविधा को नागर विमानन महानिदेशालय की स्वीकृति के बाद कमीशन किया गया है। तीसरे एयरोब्रिज के माध्यम से पहली उड़ान स्पाइसजेट की रही। बेंगलुरु-पटना सेक्टर की फ्लाइट (रएख672), कुल 188 यात्रियों को लेकर पटना पहुंची और एयरोब्रिज सुविधा का उपयोग करते हुए पार्क की गई। इसके बाद पटना से बेंगलुरु के लिए स्पाइसजेट की फ्लाइट (रएख674) कुल 187 यात्रियों को लेकर सफलतापूर्वक रवाना हुई। इसी के साथ तीसरे एयरोब्रिज के परिचालन की औपचारिक शुरूआत हो गई। उन्होंने बताया कि पटना एयरपोर्ट पर चौथे और पांचवे एयरोब्रिज का शुभारंभ भी जल्द ही किया जाएगा। इसके काम में भी तेजी लाई गई है। अभी पटना एयरपोर्ट पर तीन एयरोब्रिज हो गए। पहले से दो था और आज तीसरा एयरब्रिज भी मिल गया। पहला टर्मिनल भवन के उद्घाटन के समय से पिछले साल जून में लगा था। यह डिपार्चर के गेट नंबर 9 पर लगा था। दूसरा 15 नवंबर को चालू हुआ था। यह डिपार्चर के गेट नंबर 10 पर लगा है। तीसरा डिपार्चर के गेट नंबर 11 जुड़ गया। अब चौथा एयरोब्रिज गेट नंबर 12 और पांचवां 12-ए से जुड़ेगा। विशेषज्ञों की मानें तो एयरोब्रिज लगने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि चार से पांच मिनट में ही यात्री डिपार्चर से विमान में सीधे पहुंचत जाते हैं। यहां तक जाने में न गर्मियों में धूप की टेंशन और न बारिश में भींगने का डर रहता है। जब एयरोब्रिज की सुविधा नहीं थी तब यात्री बस में बैठकर विमान के पास जाते थे। वहां पर सीढ़ी के जरिए विमान के अंदर जाते थे। इस प्रोसेस में करीब 20 मिनट तक का समय लगता था। लेकिन, अब यह एयरोब्रिज बनने से समय घटकर पांच मिनट हो गया।

# इंद्रपुरी : अभिनव कला संगम के नेतृत्व में प्रीतिभोज का आयोजन



**केटी न्यूज/रोहतास**

बिहार के संस्कृती संचेतना का प्रतिनिधि मंच के रूप में चर्चित अभिनव कला संगम द्वारा इंद्रपुरी सोन नद क्षेत्र में बैठक सह प्रीतिभोज का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से संस्था के जन्मदाता संस्थापक रामकृष्ण शर्मा उर्फ बड़कू भैया, जीवन प्रकाश, सुमंत मिश्रा समेत अन्य प्रदेशों से आए अभिनव कला संगम अतिथि उपस्थित थे। संस्था के अध्यक्ष कमलेश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक सह प्रीतिभोज में सदस्यों ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक नाटक कला व संस्कृति को जीवंत रखने के लिए अभिनव कला संगम के बैनर तले सभी जगह कार्यक्रम आयोजित करने, बिहार के सभी जिलों में अभिनव कला संगम का अपना केंद्र स्थापित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को डालमियानगर ड्रीम हाउस में सुबह 10 बजे संस्था की ओर से झंडोत्तोलन करने तथा होली के पूर्व भव्य होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। इंद्रपुरी बराज के बीच सोन क्षेत्र में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में आवाज के जादू कहे जाने वाले पिंटू दिलवाले द्वारा एक से बढ़कर एक गीत संगीत पेश किया गया। संस्था के सदस्यों के अलावे सामाजिक, राजनीतिक व प्रशासनिक क्षेत्र के कई लोगों ने प्रीतिभोज का आनंद लिया। मौके पर संरक्षक सिमल सिंह, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, निदेशक कौशलेंद्र कुशवाहा, महासचिव प्रो. रणधीर सिन्हा , उपाध्यक्ष संजय यादव, मीडिया प्रभारी इंद्र कुमार बाघा, मनोज गुप्ता, बैजू गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, विशाल सिंह, आलोक कुमार, संजय उर्फ नीलू, संतोष राय समृद्धि, विनय कुशवाहा, शंभू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सीएसपी संचालक से लूट की घटना कर अपराधियों ने मारी गोली

- **1.50 लाख नगद सहित गले से सोने की चेन फरार हुए अपराधी**

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले क्षेत्र के शिवसागर थाना अंतर्गत मडकन पुल के समीप शनिवार की दोपहर बाइक सवार दो अपराधियों ने एक सीएसपी संचालक को लूटपाट के दौरान गोली मार दी। गोली युवक के पैर में लगने के बाद उसे आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया। घायल सीएसपी संचालक युवक की पहचान शिवसागर के पखनारी गांव निवासी 40 वर्षीय राकेश कुमार सिंह के रूप में हुई है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि सीएसपी संचालक राकेश कुमार सिंह अपनी स्कूटी से शनिवार को रायपुर चोर स्थित सीएसपी केंद्र पर जा रहे थे,तभी मडकन पुल के समीप बाइक सवार दो अपराधियों ने पीछा कर उन्हें हथियार का भय दिखा कर रोक लिया और लूटपाट की कोशिश करने लगे। वहीं राकेश कुमार ने साहस दिखाते हुए जब लूटपाट का विरोध किया, तो अपराधियों ने





उनपर पर गोली चला दी। पैर में गोली लगते हीं सीएसपी संचालक लहुलुहान होकर गिर पड़े और अपराधियों ने उनके पास से डेढ़ लाख रुपये तथा गले से एक सोने की चेन लूटकर फरार हो गए। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंच मामले की जांच शुरू में जुट गई है। इस संदर्भ में सदर डीएसपी वन दिलीप कुमार ने बताया कि फिलहाल घायल युवक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपाचे बाइक सवार दो अपराधियों की पहचान करने में जुटी है और जल्द हीं उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

### जननायक कपूर्री ठाकुर की जयंती पर लोगों ने उन्हें किया याद

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के ब्लॉक रोड में भारत रत्न से सम्मानित बिहार के जननायक मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर की 102वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रजौली के उपरटंडा निवासी समाजसेवी जदयू टकुआटांड़ पंचायत संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित जयंती कार्यक्रम में उपस्थित रजौली के दर्जनों समाजसेवी एवं गणमान्य लोगों ने जननायक कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित लोगों ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कपूर्री ठाकुर के जीवनी पर चर्चा करते हुए उन्हें दलितों,अति पिछड़ों का मसीहा बताया। लोगों ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने बिहार में दलितों,अति पिछड़ों के लिए कार्य कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। इसी वजह से उन्हें बिहार का जननायक कहा जाता है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह,मनोज प्रसाद,अलखदेव प्रसाद,पूर्व प्रमुख जगदीश प्रसाद, पूर्व मुखिया राजेंद्र प्रसाद,कृष्णदेव सिंह,मेवालाल साव,नीतीश कुमार,सत्यम राज, मुनीलाल प्रसाद, बालेश्वर सिंह, सदानंद प्रसाद साव,मनोज साव,श्रीचंद्र प्रसाद, राम रतन गिरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### सूर्य मंदिर में मूर्ति स्थापना की यज्ञ पूजन तैयारी पर हुई बैठक

**बिक्रमगंज।** नगर के काशी घाट स्थित सूर्य मंदिर में प्रस्तावित मूर्ति स्थापना एवं यज्ञ आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई । बैठक में आयोजन से संबंधित प्रारूप तैयार किया गया,जिसमें कार्यक्रम की संभावित तिथि,अनुमानित खर्च तथा किन ऋषि-मुनियों एवं साधु-महात्माओं के सान्निध्य में यज्ञ संपन्न कराया जाएगा,इस पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। साथ ही बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आयोजन से जुड़े शेष बिंदुओं एवं अंतिम रूपरेखा पर दूसरी बैठक में विस्तार से निर्णय लिया जाएगा । सभी सदस्यों ने सूर्य मंदिर के धार्मिक एवं सांस्कृतिक गौरव को और सुदृढ़ करने के लिए सामूहिक सहयोग से आयोजन को भव्य बनाने का संकल्प दोहराया। मौके पर अध्यक्ष धीरज गिरी,विक्कू गुप्ता,नगर के पूर्व चेयरमैन रबनवाज राजू,पूर्व चेयरमैन गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता,चेयरमैन प्रत्याशी घनश्याम सिंह, संजय वर्मा,रामजी वैश्य, मंटू सिंह सिकरियां, वार्ड पार्षद अनवर फारूकी, बसंत पटेल, वार्ड पार्षद राजा पटेल,टोनी सरदार,महेंद्र गुप्ता,अमृत रंजन,आस्कामिनी मंदिर पूजा समित अध्यक्ष गया सिंह,मुखिया राम विनय पटेल,भाजपा बिहार प्रदेश कार्य समिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य,अधिवक्ता मदन सिंह, अधिवक्ता निशांत सिंह,मनोज कुमार सिंह, निरंजन ठाकुर,धीरज कुमार सहित स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में धूमधाम से मनी राष्ट्रीय बालिका दिवस




**काराकाट।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय करकट जयश्री के प्रांगण में बड़ी ही धूमधाम से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाई गई। शुरूआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा वर्ष 2008 में मनामनी ई गई थी। जो देश के पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 जनवरी 1996 को शपथ ली थी। इस कार्यक्रम के जरिय एक प्रेरणा देते हुए बताया गया कि सामान्यता व सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, उज्जवल भविष्य, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इत्यादि। मौके पर वार्डेन गुड़िया पांडेय, नादिदा खातून,अनिता कुमारी, रीना सिंह,छात्रा पूनम कुमारी ,रौशनी कुमारी,काजल कुमारी,छोटी कुमारी, रविता कुमारी रंजनी कुमारी,ऊषा कुमारी सहित विद्यालय के सभी कर्मी मौजूद थे।

### गुरुकुल स्कूल द्वारा वंदे भारत प्रभात यात्रा का हुआ भव्य आयोजन

**इंद्रपुरी।** देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गुरुकुल स्कूल, सुजानपुर के निदेशक आरपी सिंह एवं प्रधानाध्यापक कुमार सविनय के नेतृत्व में रविवार प्रातः विद्यालय परिसर से भव्य ‟वंदे भारत प्रभात यात्रा” निकाली गई। प्रभात यात्रा घोड़े, गाजे-बाजे एवं देशभक्ति गीतों के साथ पूरे उत्साह, अनुशासन और देशप्रेम के वातावरण में संपन्न हुई। प्रभात यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर कटार, नारायणपुर, कमरगंज, बस्तीपुर, बीएमपी-2, निरंजन बीघा होते हुए एनिकट, डेहरी तक निकाली गई तथा अंत में पाली रोड स्थित समधान कंसल्टेंसी परिसर में इसका समापन किया गया। प्रभात यात्रा में राम–जानकी दरबार एवं राधा- कृष्ण की भव्य झाँकियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही माँ दुर्गा के नौ रूप, महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, खुदीराम बोस, झांसी की रानी, इंदिरा गांधी एवं प्रतिभा पाटिल के रूप में सजे बच्चों ने देशभक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया। बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर ‟नशामुक्त भारत” एवं ‟पर्यावरण संरक्षण” का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। प्रभात यात्रा में स्कूल के 300 छात्र-छात्राएँ तथा विद्यालय के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी शामिल रहे। प्रधानाध्यापक कुमार सविनय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एसडीएम बोलें..जेपीएस स्कूल से रजौली में होगा शिक्षा का नया सवेरा

# खुशी : जेपीएस इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल का हुआ भव्य शुभारंभ

**केटी न्यूज/नवादा**

शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के सिरदला रोड में घसियाडीह मोहल्ले में शनिवार को जेपीएस इंटरनेशनल इंग्लिश स्कूल का भव्य उद्घाटन रजौली विधायक विमल राजवंशी और एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सीओ मो. गुफरान मजहरी, नगर पंचायत प्रतिनिधि प्रमोद कुमार,गौरव शांडिल्य गगन,भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा एवं वेलफेयर अध्यक्ष विजय कुमार भी मौजूद रहे। स्कूल का भव्य शुभारंभ अतिथियों ने उद्घाटन स्वरूप दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर एसडीएम और विधायक ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता बच्चों को देने में जेपीएस स्कूल




अग्रसर होता नजर आ रहा है। जिससे रजौली प्रखंड क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा का एक नया सवेरा होगा। उक्त अवसर पर संचालक संतोष कुमार ने सभी मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित करते हुए बताया कि शिक्षा हमारा मुख्य उद्देश्य है एवं गरीब से गरीब बच्चा भी पढ़ सके। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में म्यूजिक क्लास,डांस क्लास,स्पोकन क्लास एवं कंप्यूटर लैब पहली कक्षा से सिखाया जाएगा।साथ ही बच्चों में बौद्धिक प्रगति के लिए सभी क्लासरूम डिजिटल रूप से होगा। संचालक ने कहा कि कम पैसे में बेहतर शिक्षा देना ही हमारे स्कूल का उद्देश्य है। स्कूल में नामांकन 12 जनवरी से शुरू है और इच्छुक परिजन अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्कूल पहुंच नामांकन करवा रहे हैं। मौके पर बच्चों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नशा मुक्ति,दहेज प्रथा निषेध,ऑपरेशन सिंदूर,लोक आस्था के महापर्व छठ आदि थीम पर मनमोहक नृत्य किया। इस दौरान शिक्षक मनीष माथुर,संदीप वर्मा,कपिलदेव प्रसाद,अनुराधा कुमारी,स्वाती कुमारी पटेल एवं मीनाक्षी कुमारी ने अतिथियों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

# एएनएम ने फांसी लगाकर की आत्महत्या प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले का शक

**केटी न्यूज/कैमूर**

जिला के चैनपुर प्रखण्ड में एक सनसनी घटना घटी है। जहां कि चैनपुर प्रखण्ड के बखारी देवी उप स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत एएनएम ने अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस को जानकारी मिलते ही स्थल पर पहुंच कर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ भेजा दिया। इस संदर्भ में घटना की जानकारी चैनपुर स्वास्थ्य विभाग को दिया गया। वही पुलिस ने इस मामले में 24 घंटा के अंदर एक आरोपी को गिरफ्तार कर चैनपुर अस्पताल से मेडिकल जांच कराकर भभुआ जेल भेज दिया गया। इस संबंध में बताया गया है कि चैनपुर हाटा बाजार में निर्मल पाल के मकान में भाड़े पर एएनएम आशा कुमारी रहती थी। जो कि चैनपुर के बखारी देवी उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एएनएम पद पर कार्यरत थी। जो पटना से ट्रेनिंग लेकर कुछ दिन पहले लौटी थी। लेकिन देर शाम में अपने कमरे में फांसी लगा ली। घटना की बाद में किसी प्रकार से जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने स्थानीय थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को बरामद कर मृतिका के मोबाइल नंबर जांच पड़ताल किया। जिससे पता चला कि वह झारखंड में एक युवक से बातचीत करने एक मामला सामने आया। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी मानते हुए उसको भभुआ जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक झारखंड राज्य के पलामू जिला के महमूरगंज थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के सूचित ठाकुर के पुत्र अभिषेक कुमार ठाकुर रहने वाला है। जबकि एएन एम बिहार के रोहतास जिला के डिहरी बांध के छोटे लाल साह की पुत्री करीब 24 वर्षीय आशा कुमारी बतायी गई है। वही घटना के बाद चर्चा का विषय बन गया है। इसके पूर्व में दो साल पूर्व में इसी तरह घटना चैनपुर थाना परिसर में एक महिला सिपाही ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जबकि नौकरी और महिला रिजन की दूसरी घटना बताया गया है।

# पांच साल बाद बिहार से बाहर मजदूरी को नहीं जाएगा कोई : उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी



**एजेंसी। पटना**

वैशाली पहुंचे बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले पांच वर्षों में बिहार से कोई भी व्यक्ति मजदूरी करने बाहर नहीं जाएगा। उन्होंने दावा किया कि सभी को रोजगार और नौकरी बिहार में ही मिलेगी। उनका कहना था कि यह सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में न्याय यात्रा से लेकर समृद्धि यात्रा तक लगातार काम किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य आगे बढ़ रहा है और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार गांव-गांव तक किया गया है।सम्राट चौधरी ने 2014 का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव-गांव बिजली पहुंचाने की बात कही थी, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने घर-घर बिजली पहुंचाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि आज बिहार समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और गांव-गांव तक सड़क और अन्य व्यवस्थाएं पहुंच चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 1990 से 2005 के बीच बिहार में एक लाख लोगों को भी नौकरी नहीं मिली थी, जबकि 2005 से 2020 के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात लाख से अधिक लोगों को नौकरी दी। 2020 से 2025 के दौरान पांच लाख लोगों को नौकरी और रोजगार देने का काम किया गया। उपमुख्यमंत्री के अनुसार इस बार एनडीए सरकार ने तय किया है कि बिहार में एक करोड़ लोगों को रोजगार और सरकारी नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार की समृद्धि तभी संभव है जब राज्य में उद्योग स्थापित होंगे।सम्राट चौधरी ने कहा कि बाहर से आने वाले फैक्टरी मालिक सबसे पहले हाजीपुर और मुजफ्फरपुर में जमीन के बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा कि हाजीपुर हो या बिहार का कोई भी इलाका, मजदूरी के लिए बाहर जाने वाले लोगों को चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो लोग बिहार से बाहर मजदूरी करने जाते हैं, उन्हें पांच वर्षों में चिह्नित कर रोजगार देने का काम किया जाएगा। उन्होंने इसे अपना वादा बताया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रगति यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने इसकी समीक्षा की है और अधिकारियों से जानकारी भी ली है। साथ ही बिहार की समृद्धि के लिए अव्यवस्थाओं को साफ करने का निर्देश दिया गया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि वैशाली की आठ विधानसभा सीटों में से सात पर एनडीए की जीत हुई है। एक सीट पर राजद का कब्जा है, जहां से तेजस्वी यादव राघोपुर से विधायक हैं।

## उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा का भूमि सुधार अभियान फिर हुआ शुरू

# 28 जनवरी को गया जी में सुनेंगे शिकायत



**एजेंसी। पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से जुड़ीं महत्वपूर्ण सेवाएं आमलोगों को समय सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 28 जनवरी 2026 को गयाजी में भूमि सुधार जन कल्याण संवाद का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री-सह-मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा करेंगे। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। भूमि सुधार जनकल्याण संवाद का आयोजन कन्वेंशन सेंटर, बोधगया, गयाजी में प्रथम पाली में होगा। प्रथम पाली में पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:30 बजे तक आमजनों की समस्या सुनी जाएगी। इस दौरान विभाग से संबंधित ऑनलाइन सेवाओं, समस्याओं और उनके समाधान पर आमलोगों की शिकायतें सुनी जाएंगी। आमलोगों में से कुछ आवेदनों का अंचल वार चयन कर मौके पर अंचलाधिकारी और राजस्व कर्मचारी को आवेदनकर्ता के सामने बैठाकर समस्या पर चर्चा होगी। इस सत्र में राजस्व विभाग से संबंधित सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं संबंधित राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित रहेंगे। दिनांक 28 जनवरी को आयोजित होने वाले माननीय उप मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के दौरान सभी अंचल अधिकारी, सभी अमीन ,सभी राजस्व कर्मचारी की उपस्थिति अनिवार्य है। इसके लिये केवल चिकित्सा अवकाश एवं उपार्जित अवकाश को छोड़कर पूर्व में स्वीकृत सभी अवकाश निरस्त माने जाएंगे। आवेदनकताओं का रजिस्ट्रेशन सुबह 09 बजे से 11 बजे तक कन्वेंशन सेन्टर में अंचलवार लगाए गए काउंटर पर किया जाएगा। आवेदन के साथ अंचल का नाम, अपना नाम, स्पष्ट पता और मोबाइल नंबर जरूर डालने की अपील की गई है। इससे आमलोगों को उनके आवेदन पर होने वाली कार्रवाई की जानकारी मैसेज से मिलती रहेगी। आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि जिस समस्या हेतु वो जनकल्याण संवाद में आ रहे हैं, पूर्व में अगर उसके लिये अधिकारियों के समक्ष कोई आवेदन दिया है तो उसे भी अवश्य संलग्न करें। महत्वपूर्ण यह है कि यहां मिले सभी आवेदनों को पोर्टल पर अपलोड कर सभी पर उचित कार्रवाई की जाएगी। दूसरी पाली में अपराह्न 3:30 बजे से 6:00 बजे तक राजस्व विभाग के सभी पदाधिकारियों एवं राजस्वकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक महाबोधि संस्कृति केंद्र, बोधगया में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रमंडलीय आयुक्त, समाहर्ता, अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, बन्दोबस्त पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं राजस्व कर्मचारी शामिल होंगे। बैठक में दाखिलझ्रखारिज, परिमार्जन प्लस, ई मापी समेत सभी ऑनलाइन सेवाओं की स्थिति की आंकड़े के साथ समीक्षा की जाएगी। इस दौरान अभियान बसेरा 2 की स्थिति की विशेष रूप से समीक्षा होगी। भूमि सुधार जन कल्याण संवाद के माध्यम से उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा की मंशा है कि दाखिलझ्रखारिज, परिमार्जन प्लस और ई मापी समेत सभी ऑनलाइन सेवाएं आमलोगों को समय सीमा में उपलब्ध कराने से भूमि अभिलेख अपडेट होंगे। इसका लाभ राज्य में चल रहे भूमि सर्वेक्षण के कार्य में भी मिलेगा। इससे राज्य में भूमि विवाद में भी भारी कमी आएगी। इससे प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सकेगा। उपमुख्यमंत्री ने आमजनों को आश्वस्त किया है कि भविष्य में भूमि सुधार से संबंधित कार्यों के लिए किसी को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। सभी जिले में एकझ्र एक राजस्व ग्राम वार सभी कार्यों की समीक्षा की जा रही है और संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समय सीमा में मामलों के निष्पादन के निर्देश दिए जा रहे हैं। अभी प्रमंडल मुख्यालय में समीक्षा का कार्य चल रहा है। इसके बाद जिलावार समीक्षा होगी। सुधार के दृष्टिकोण से शुरू इस अभियान का उद्देश्य लोगों को समयबद्ध तरीके से उनका कार्य कराकर उन्हें परेशानी से बचाना है।

## एक नजर

### दो सगे भाइयों की तालाब में डूबकर मौत, स्नान करने के दौरान हुआ हादसा

**पटना।** बिहार के मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्री गांव के बाणेश्वर स्थान के पास स्थित बाण गंगा तालाब में स्नान करने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ बच्चे तालाब में स्नान करने गए थे। इसी दौरान तीन बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। पास के एक विद्यालय के शिक्षक और ग्रामीणों ने जब बच्चों को डूबते देखा तो शोर मचाया और तुरंत तालाब में कूदकर उन्हें बचाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से तीनों बच्चों को बाहर निकाला गया। बचाए गए बच्चों में से दो बेसुध अवस्था में थे, जबकि एक बच्चे की हालत सामान्य बताई जा रही है। दोनों बच्चे सगे भाई थे। दोनों की पहचान बर्री गांव वार्ड संख्या 7 निवासी विपिन मिश्रा के 13 साल के बेटे शिवम मिश्रा और 12 साल के आयुष मिश्रा के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल ऑटो से बेनीपट्टी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने काफी प्रयास किए, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। अनुमंडल अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ. विकास हरिनंदन ने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनों बच्चों की सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक महकमा सक्रिय हो गया।

### वैशाली में फिर दिखा अपराधियों का तांडव प्रेम-प्रसंग के विवाद में युवक के सिर में मारी गोली


**पटना।** बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है। अपराधी एक के बाद एक अपराध की वारदातों को बेखौफ अंजाम दे रहे हैं। अपराधियों में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। इन घटनाओं को देखकर ऐसा ही लगता है। ताजा मामला वैशाली जिले के सदर थाना क्षेत्र के दिघी पश्चिमी वार्ड संख्या तीन की है जहां हनुमान मंदिर के पास शनिवार की शाम दो की संख्या में आए बाइक सवार अपराधियों ने एक युवक के सिर में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना सदर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से युवक को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की स्थिति को नाजुक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान लालगंज थाना क्षेत्र के केशोपुर गांव निवासी उमेश ठाकुर के पुत्र मनीष कुमार बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ वन सुबोध कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गए।

### 234 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार पार्सल वैन से की जा रही थी तस्करी

**पटना।** बिहार के गयाजी में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बहेरा थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर की गई संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने पार्सल पिकअप वाहन से करीब 234.6 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इस दौरान एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार किया गया। डीएसपी-2 अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 24 जनवरी 2025 की मध्य रात्रि बहेरा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र से होकर एक पिकअप पार्सल वैन में भारी मात्रा में गांजा ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद वरीय पुलिस अधीक्षक, गया के निर्देश पर एसडीपीओ शेरघाटी-2 अजय कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में बहेरा थानाध्यक्ष रविरंजन कुमार, नारकोटिक सेल, मद्य निषेध विभाग और राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के अधिकारी शामिल थे। डोभीझ्रचतरा मुख्य मार्ग पर वाहन जांच के दौरान संदिग्ध पिकअप वाहन को रोका गया। तलाशी के दौरान वाहन में बने गुप्त तहखाने से गांजा बरामद किया गया।

## बिजली वितरण में बिहार का जलवा : नॉर्थ और साउथ पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को ए ग्रेड, कई बड़े राज्यों को छोड़ा पीछे

**एजेंसी। पटना**



बिहार की दोनों बिजली वितरण कंपनियों–नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (ठइढऊ उछ) और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (रइढऊ उछ) ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश में परचम लहराया है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ताजा रेटिंग में बिहार ने हरियाणा, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और तेलंगाना समेत कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। ऊर्जा मंत्रालय के अधीन पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन की 14वीं इंटीग्रेटेड रेटिंग एवं रैंकिंग रिपोर्ट में नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी को 100 में 82.02 अंक मिले हैं। इसके साथ ही कंपनी को ए ग्रेड प्राप्त हुआ है और वह राष्ट्रीय स्तर पर 13वें स्थान पर रही है। राज्य सरकार के स्वामित्व वाली कंपनियों में नॉर्थ बिहार सातवें पायदान पर है। बिलिंग और राजस्व संग्रहण में सुधार, तकनीकी व व्यावसायिक नुकसान में कमी, बेहतर वित्तीय प्रबंधन और मजबूत शासन व्यवस्था के कारण कंपनी ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वहीं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने भी बड़ी छलांग लगाई है। एसबीपीडीसीएल को 67.37 अंक प्राप्त हुए हैं और उसे भी ए ग्रेड मिला है। राष्ट्रीय स्तर पर साउथ बिहार को 20वां स्थान, जबकि राज्य सरकार की कंपनियों में 12वां स्थान हासिल हुआ है। पिछली रेटिंग में बी माइनस ग्रेड पाने वाली कंपनी ने राजस्व संग्रहण में सुधार, परिचालन नियंत्रण, एसीएस-एआरआर गैप में कमी और सुदृढ़ प्रशासनिक प्रणाली के दम पर यह प्रगति दर्ज की है। पीएफसी ने इस रिपोर्ट में देश की 65 विद्युत वितरण कंपनियों–सरकारी और गैर-सरकारी का 100 अंकों के पैमाने पर मूल्यांकन किया। इसमें एसीएस-एआरआर गैप, बिलिंग एवं कलेक्शन एफिशिएंसी, वितरण हानि, अनुदान, कॉर्पोरेट गवर्नेंस और उपभोक्ता सेवा जैसे मानदंड शामिल थे।

## आरा डीएवी स्कूल में इंस्टाग्राम वीडियो विवाद में दो छात्रों को मारा चाकू, एक की हालत गंभीर

**एजेंसी। पटना**



आरा के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत धनुपरा स्थित डीएवी स्कूल में शनिवार को इंस्टाग्राम पर हुए विवाद को लेकर चाकूबाजी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। इस घटना में दारोगा के पुत्र समेत दो छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों को स्कूल के शिक्षकों द्वारा इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक छात्र की हालत चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में शाहपुर थाना क्षेत्र के महाराजा गांव निवासी सह बिहार पुलिस में दारोगा राकेश कुमार सिंह का 15 वर्षीय पुत्र आदित्य सिंह शामिल है, जो वर्तमान में टाउन थाना क्षेत्र के सपना सिनेमा मोती टोला मोहल्ला में रहता है। वहीं दूसरा जख्मी छात्र टाउन थाना क्षेत्र के आनंद नगर मोहल्ला निवासी 15 वर्षीय आदित्य कुमार है। बताया जा रहा है कि आदित्य कुमार को बाएं गाल पर चाकू लगी है, जबकि आदित्य सिंह को शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकों ने आदित्य सिंह की स्थिति गंभीर बताते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को विधि विरुद्ध निरुद्ध कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू को भी जब्त कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

## गणतंत्र दिवस पर बदली रहेगी पटना की यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक एसपी ने जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी। पटना**

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मौके पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर 26 जनवरी को पटना की ट्रैफिक व्यस्था बदली रहेगी। इसको लेकर पटना के ट्रैफिक एसपी ने एडवाइजरी जारी कर दी है। जिसमें यातायात व्यवस्था को लेकर तमाम तरह के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक एसपी के तरफ से जारी एडवाइजरी में कहा गया कि 26.01.2026 को गाँधी मैदान, पटना में गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जाना है। राज्यपाल द्वारा दिनांक 26.01.2026 को सुबह 09:00 बजे झण्डोतोलन किया जायेगा। समारोह में आमंत्रित अतिविशिष्ट और विशिष्ट अतिथिगण एवं अन्य नक्शा में दर्शायें गये स्थानों पर वाहन पार्क कर सुबह 08:30 बजे तक अपना स्थान ग्रहण करने का कष्ट करेंगे। वाहन पार्किंग व्यवस्था समारोह में आमंत्रित महानुभावों को रंगीन कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा जिसे वे अपने वाहन के सामने शीशा पर चिपकायेंगे तथा कार्ड के रंग के अनुसार दशार्ये गये प्रवेश द्वार से समारोह स्थल में प्रवेश करेंगे। वाहन को निर्दिष्ट स्थलों पर पार्क किया जायेगा।

**पटना शहर की यातायात व्यवस्था दिनांक- 26.01.2026 को प्रातः 7:00 बजे से समारोह की समाप्ति की अवधि के लिए**

1. उक्त अवसर पर फ्रेजर रोड (मजहरूल हक पथ) में डाकबंगला चौराहा (कविगुरू रविन्द्र चौक) से गांधी मैदान (चिल्ड्रेन पार्क) तक के मार्ग में प्रातः 07:00 बजे से समारोह की समाप्ति तक की अवधि के लिए सामान्य वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
2. न्यू डाकबंगला रोड से एस०पी० वर्मा रोड में वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
3. कोतवाली "टी" से पुलिस लाईन तक (बुद्ध मार्ग में) पूरब की ओर जाने वाले सभी रास्ते कार्यक्रम की समाप्ति तक आम यातायात के लिए बन्द रहेंगे। भोल्टास मोड़ से उत्तर की ओर जाने वाले वाहन विद्यापति मार्ग / बुद्धमार्ग होते हुए पुलिस लाईन तिराहा की ओर जा सकेंगे।
4. छज्जुबाग (रउद्ध आवास) से टी०एन० बनर्जी रोड (जे०पी० गोलम्बर) की तरफ वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
5. बुद्ध मार्ग में छज्जुबाग मोड़ से रउद्ध आवास के तरफ वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।
6. जे०पी० गंगा पथ रैम (आयुक्त कार्यालय के सामने जे०पी० गंगा पथ नीचे स्थित गोलम्बर) से ए०एन० सिन्हा इंस्टीच्युट / गांधी मैदान की ओर आनेवाले फ्लैंक में मात्र पासधारक वाहनों को आने की अनुमति रहेगी। शेष वाहनो को आयुक्त कार्यालय के सामने से मरीन ड्राइव की ओर डायवर्ट कर दीया जाएगा।

## बिहार में ठंड से राहत : लेकिन 48 घंटे में बदल सकता है मौसम का मिजाज



**एजेंसी। पटना**

बिहार में इन दिनों ठंड से कुछ राहत महसूस की जा रही है। पिछले कुछ दिनों से सुबह-शाम की ठंड में कमी आई है और दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। लोगों ने लंबे समय बाद खुले आसमान के नीचे धूप का आनंद लिया, जिससे ठंड और कोहरे से परेशान आमजन को राहत मिली है। हालांकि मौसम विभाग ने साफ किया है कि यह राहत अस्थायी है और जल्द ही मौसम एक बार फिर करवट ले सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले 48 घंटे के भीतर राज्य के कई जिलों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान पश्चिमी विक्षोभ और नमी वाली हवाओं के असर से बादल छाए रह सकते हैं। बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई गई है, जिससे ठंड एक बार फिर बढ़ सकती है। खासकर रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिससे सुबह-शाम ठंड का असर दोबारा महसूस होगा। मौसम विभाग ने बताया है कि फिलहाल अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है, लेकिन अगले दो से तीन दिनों में इसमें 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। वहीं न्यूनतम तापमान में भी 2 डिग्री तक की कमी आने की आशंका है। इससे लोगों को फिर से स्वेटर, जैकेट और गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ सकता है। राज्य के कई जिलों में सुबह के समय हल्का कोहरा भी देखा जा सकता है। हालांकि अभी घने कोहरे का कोई अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन दृश्यता प्रभावित हो सकती है। खासकर सड़क और रेल यातायात पर इसका असर पड़ सकता है। वाहन चालकों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, वहीं सुबह यात्रा करने वालों से धीमी गति से वाहन चलाने और सावधानी बरतने की अपील की गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम परिवर्तन का असर फसलों पर भी पड़ सकता है। हल्की बारिश रबी फसलों के लिए लाभदायक साबित हो सकती है, खासकर गेहूं, सरसों और चना जैसी फसलों को इससे नमी मिलेगी। हालांकि, अत्यधिक ठंड या अचानक तापमान में गिरावट से कुछ फसलों को नुकसान भी पहुंच सकता है। किसानों को मौसम की जानकारी पर नजर रखने और आवश्यकतानुसार सिंचाई या फसल सुरक्षा के उपाय करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने आम लोगों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतें। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने और ठंडी हवा से बचने की आवश्यकता है। सुबह-शाम तापमान कम रहने की संभावना को देखते हुए घर से निकलते समय आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की गई है। शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में भी मौसम परिवर्तन का असर साफ देखा जा सकता है। जहां एक ओर धूप निकलने से लोग खुले में बैठकर राहत महसूस कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बदलते मौसम के संकेत चिंता भी बढ़ा रहे हैं। लोग मौसम विभाग की अपडेट पर नजर बनाए हुए हैं ताकि समय रहते आवश्यक तैयारियां की जा सकें।

## बेगूसराय में मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबे 2 युवक, तलाश में जुटे गोताखोर

**एजेंसी। पटना**

बेगूसराय के खोदावन्दपुर थाना क्षेत्र के राम घाट पर शनिवार शाम सरस्वती प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक दर्दनाक हादसा हुआ। नाव से गिरने पर कृष्ण कुमार (17) और उसे बचाने उतरे आदित्य कुमार (21) गहरे पानी में डूब गए। प्रशासन ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश शुरू कर दी है। घटना के समय प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तारा गांव के एक कोचिंग संस्थान से स्थापित सरस्वती प्रतिमा को विसर्जित करने के लिए कुछ युवक राम घाट पहुँचे थे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान अचानक नाव का संतुलन बिगड़ा और कृष्ण कुमार नदी में गिर गया। उसे बचाने के प्रयास में आदित्य कुमार ने उसका हाथ पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह भी डूब गया। दोनों युवक फफौत गांव निवासी कृष्ण कुमार और बरियारपुर पश्चिमी गांव निवासी आदित्य कुमार थे। बताया गया है कि दोनों आपस में रिश्तेदार थे। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुँचा। अंचल अधिकारी प्रीति कुमारी, राजस्व अधिकारी दीपक कुमार और खोदावन्दपुर थाना पुलिस टीम गोताखोरों के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई।